
हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 219 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 26 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया




मंदसौर से अहमदाबाद
एसी बस प्रतिदिन रात्रि 08.15बजे
(व्हाया-नीमच, उदयपुर)
जय श्री गणेश ट्रेवल्स
स्थान-महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड, मंदसौर
मो-9407259243, 8871603134


# शराब बंदी ने बनाए शहर में कई बियर बार

## किराये का मकान.. होटल.. बस.. कार... सड़क....



**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस। शहर में शराब बंदी के बाद माना जा रहा था थोड़ा बहुत ही सही मंदसौर शहर शराब मुक्त हो जाएगा। लेकिन, हुआ इसका उलटा। जहां पहले शहर के ठेकों तक मदिरा प्रेमी को जाने में पसीना बहाना पड़ रहा था, वहीं अब गली मोहल्लों के आसपास मौजूद शराब ठेकेदारों के एजेंट आसानी से शराब उपलब्ध करवा रहे हैं। शराब बंदी के बाद समस्या आ रही थी बैठक की। बैठक व्यवस्था का जुगाड़ भी मदिरा प्रेमियों ने कर लिया। किसी ने इधर-उधर ठिया निर्धारित कर जुगाड़ कर लिया तो चोरी छिपे मदिरा का स्वाद चखने वालों ने स्पेशल दारु पीने के लिए किराये के मकान तक कॉलोनियों में ले लिए। कई लोगों ने सड़क को ही बियर बार बना लिया। बस हो या कार या अन्य चार पहिया वाहन, चलित बार में शराब के मजे लिए जा रहे हैं।**

### अंकुर अर्पाटमेंट के पहले बसों में झलक रहे जाम...

लोगों ने दारु पीने के लिए वाहनों का इस्तेमाल कर लिया है। मतलब जगह सरकारी और टेबल कुर्सी की जगह वाहन। कार या दुपहिया वाहन में सवार होकर शहर से थोड़ी दूरी या सूनसान जगह या राजमार्ग पर शाम ढलते ही वाहन खड़े हो जाते हैं। इसके बाद कार को ही बार बनाकर पार्टी के मजे लिए जा रहे हैं। इसके अलावा एक और नए बियर बार का निर्माण हुआ है बसों के रूप में। जी हा... बसों में जमकर शराब के जाम छलक रहे हैं। शहर में कई जगहों पर बसों का उपयोग दारु पीने के लिए रात के समय किया जा रहा है। राम टेकरी चौराहा स्थित अंकुर अपार्टमेंट के पहले खाली मैदान पर दो तीन बसों को सिर्फ दारु पीने के लिए खड़ा किया जा रहा है। यह सिर्फ एक उदाहरण है। ऐसा कई जगहों पर हो रहा है। यहां स्थानीय रहवासियो ने कई बार शराबियो को भगाया, लट्ठ भी चलाये। लेकिन, कोई न कोई चाय वाला या बस वाला फिर से शराबियो को आश्रय दे देता है। इससे कॉलोनी वाले भी परेशान है। निकट भविष्य में कभी भी यहां कोई बड़ी वारदात होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ? यह यक्ष प्रश्न है।

### होटल वालों का भी चल निकला बिजनेस...

शराब बंदी के बाद होटल संचालकों की भी उड़कर लग रही है। बाहर से आने वाले लोगों की बजाय तो ज्यादा फायदा मदिरा प्रेमी दे रहे हैं। कुछ होटल संचालकों ने शराब पीने के लिए समय या प्रति व्यक्ति के हिसाब से होटल के कमरे देना शुरु कर दिए है। कहीं पचास रुपए प्रति व्यक्ति तो कहीं पांचसौ रुपए में रुम तो कहीं प्रति घंटे के हिसाब से होटल के कमरे को बार बनाया जा रहा है। इससे होटल वालों को भी मजे इसलिए आ रहे हैं कि बाहर से आने वाले व्यक्ति को चौबीस घंटे तक सर्विस देना होती है। जबकि, शराब पार्टी वाले दो तीन घंटे में ही कमरा छोड़ देते हैं।

### रुपए मिलाकर किराये का ले लिया घर...

लोगों को रहने के लिए किराये का मकान और उसका किराया भरने में पसीना छूट जाता है। लेकिन, मदिरा प्रेमियों के कई समूहों ने तो किराये के मकान ही सिर्फ पार्टी के लिए ले लिए है। आठ से दस लोग एकांत क्षेत्र में एक कमरा या मकान किराये पर लेते हैं। किराया शेयर करने के साथ ही उसका उपयोग होता है शराब पीने के लिए। अब लोग किसी नई एकांत जगह पर मकान तैयार करवाकर बेवड़ो को देने लगे हैं। इसके अलावा मल्टीयों में युवाओं के झुंड किराये पर कमरा लेकर जाम छलका रहे हैं। रेवास देवड़ा रोड हो या अभिनंदन क्षेत्र का एकांत वाला इलाका या संजीत रोड ब्रिज पार का क्षेत्र, यहां अमूमन फैमीली वाले लोग मकान किराये पर लेने से कतराते हैं। लेकिन, यही मदिरा प्रेमियों की पसंद है। एकांत में होने से आस पड़ोसी का टेंशन खत्म। पांच हजार में आसानी से मकान मिल रहा है। दस लोग मिलकर सिर्फ पांच-सात सौ रुपए प्रतिमाह में रेंट वाली बार का संचालन कर रहे हैं।

एक्सप्रेस वे का अश्लील कांड...

# भाजपा नेता मनोहरलाल धाकड़ गिरफ्तार

## एनएचएआई के कर्मचारियों ने लीक किया वीडियो, रुपए नहीं मिले तो कर दिया वायरल, हाईवे कंट्रोल रूम पर तैनात तीन कर्मचारी बर्खास्त, एफआईआर की जरूरत



मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस। एक्सप्रेस वे पर मनोहरलाल धाकड़ का अश्लील वीडियो कांड पूरे देश सहित विदेश में भी सुर्खियां बटौर रहा है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस को मनोहरलाल धाकड़ की तलाश थी। उसने अपना फोन बंद कर लिया था और फेसबुक अकाउंट भी डिलीट कर दिया। रविवार को मनोहर लाल धाकड को भानपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उससे एसडीओपी और टीआई ने लंबे समय तक पूछताछ की। इस मामले में पुलिस संभवत: साथ में मौजूद अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाने में लगी है। मनोहरलाल धाकड़ से फिलहाल पूछताछ जारी है। लेकिन, इस बीच एक और खुलासा यह हुआ है कि एनएचएआई के कर्मचारियों ने मनोहर से रुपए की मांग की और रुपए नहीं मिलने पर वीडियो लीक किया। 13 मई को भानपुरा के नीमथुर वाले पॉइंट पर कार से उतरने के बाद 08 मिनट तक धाकड़ व महिला बेहद आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दिए थे।

### मौके पर पहुंच गए कर्मचारी...

इससे पहले की धाकड़ और महिला दोनों कार से वापस जाते, मौके पर एनएचएआई के 10 से 15 कर्मचारी पहुंच गए। दोनों से कहा कि तुम्हारी करतूत रोड पर लगे कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। रिकॉर्डिंग के कुछ अंश भी दिखाए। वीडियो वायरल न करने के लिए रुपए मांगे। उस समय सौदा नहीं हुआ तो धाकड़ से 8 दिन तक रुपए को लेकर बात होती रही। बताया गया कि धाकड़ रिकॉर्डिंग मिटाने की शर्त पर रुपए देने को तैयार था। लेकिन, कर्मचारी उसे वायरल नहीं करने का कहते रहे। जब बात नहीं बनी तो कर्मचारियों ने 09वें दिन पहले स्क्रीन शॉट और कुछ घंटे बाद वीडियो वायरल कर दिया। इधर, शुक्रवार रात मंदसौर पुलिस ने धाकड़ के गांव बनी पहुंचकर वीडियों में दिखी कार जब्त कर ली। मनोहरलाल मौके पर नहीं मिला, उसकी तलाश जारी रही। बताया जा रहा है कि उसकी साथी महिला की शिनाख्त भी हो गई है। वह मंदसौर के अभिनंदन परिक्षेत्र की निवासी बताई जा रही है।

### तीन कर्मचारियों को हटाया...

इस मामले में एनएचएआई के तीन कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है। जिनके द्वारा इस वीडियो को लीक किया गया था। जानकारी के अनुसार पुलिस ने भी एनएचएआई कंट्रोल रूम प्रभारी को वीडियो लीक होने के मामले में नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। हालांकि, आरोपी कर्मचारियो के विरूद्ध आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओ में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

### आरोपी को हिरासत में लिया गया...

वीडियो एक्सप्रेस वे कंट्रोल रूम से मिला था। इसी आधार पर जो आरोपी है उन्हें हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। विधिवत नोटिस तामिल किया गया है। 151 की कार्रवाई भी की गई है। बयान के आधार पर जो तथ्य सामने आएंगा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अभिषेक आनंद**
**पुलिस कप्तान मंदसौर**

### गांधी चौराहा और काफी कांसेप्ट के सामने बगीचे के वायरल वीडियो पर कार्यवाही नहीं...

मंदसौर शहर के गांधी चौराहा और रेवास देवड़ा रोड़ स्थित काफी कांसेप्ट के सामने बगीचे में हुई करतूत का वीडियो वायरल होने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही की जानकारी नहीं मिली है। बता दें कि गांधी चौराहे पर तो नशे में युवती पुलिस तक को गाली देती दिख रही है। इधर काफी कांसेप्ट के सामने भी अश्लील हरकत करते युगल साफ तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन, पुलिस को शायद फरियादी नहीं मिल पा रहा है?

## हत्या के मामले में पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए भाजपा नेता दशरथ के खिलाफ सफेमा की कार्यवाही

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** हत्या के मामले में फरार एनडीपीएस एक्ट के आरोपी चावली निवासी भाजपा नेता दशरथ पिता ओमप्रकाश जाट के विरुद्ध धारा 450, 460, 394, 397, 302 भादवि एवं 8/ 18 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। आरोपी के विरूद्ध वर्ष 2018 में राजस्थान के थाना निम्बाहेड़ा व वर्ष 2022 में गुजरात के थाना राजगढ़ जिला पंचमहल पर भी मादक पदार्थ की तस्करी के अपराध पंजीबद्ध है। 27-28 मार्च 2024 को लसुड़िया राठौर में वृद्ध महिला चन्द्रकुंवर की हत्या कर अफीम से भरा पात्र लूटने के मामले में पुलिस ने दशरथ जाट को साथियों सहित गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह मंदसौर जैल में बंद था।

मंदसौर पुलिस के एएसआई व तीन जवान आरोपी को 18 जून 2024 को गुजरात के हलोल में पेशी पर ले गए थे। पुलिस आरोपी .... **शेष पेज 4 पर**

## बरखेड़ापंथ में बदमाश 15 लाख के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए

**पिपलियामंडी, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** गांव बरखेड़ापंथ में बीती रात्रि सनसनीखेज चोरी की वारदात हुई। चोर 10 लाख के जेवर व 5 लाख नकदी चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने चोरों का पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नही आए। 2 चोर मकान के पास लगे सीसीटीवी केमरे भी कैद हुए। जानकारी के अनुसार बरखेड़ापंथ निवासी सुनील पिता मांगीलाल रत्नावत शनिवार रात्रि दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज करने गए थे, पत्नी पीहर गई थी। घर पर कोई नही था। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। रत्नावत रात्रि पौने दो बजे घर पहुंचे तो एक युवक घर के बाहर खड़ा मिला। वहीं घर का दरवाजा खुला था। जब



रत्नावत ने बाहर बैठे व्यक्ति से पूछताछ की तो वह जोर से बोलामाताजी आ गए, इस दौरान घर के अन्दर से एक युवक भागा उसको पकड़ने के लिए सुनील रत्नावत दौड़ा इस दौरान बाहर बैठा दूसरा युवक भी भाग निकला। दोनों युवकों का सुनील ने पीछा भी किया, लेकिन हाथ नही आए। सुनील ने बताया कि घर के अन्दर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त था। घर की आलमारी में रखे 15 तौले के सोने के जेवर व 5 लाख रुपए नकदी नही थे। रात्रि में ही पुलिस मौके पहुंची, सुबह एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी, फारेंसिक टीम भी मौके पहुंची।

# 10वीं-12वीं प्रोजेक्ट और प्रेक्टिकल परीक्षा के नंबर स्कूलों ने भेजे ही नहीं..!

## स्कूल संचालकों की गलती के कारण फैल हुए बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अब दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन

**भोपाल/मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं परीक्षा में सिस्टम की आपराधिक गलती सामने आई है। दरअसल अनेक स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट और प्रायोगिक परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन के अंक माशिम को भेजे ही नहीं। परिणाम जारी हुए तो ऐसे सैकड़ों विद्यार्थी फैल हो गए, वह भी तब जब लिखित परीक्षा में उनके बहुत अच्छे अंक आए थे।**

दरअसल 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में 20 अंक के प्रोजेक्ट और 30 अंक की प्रायोगिक परीक्षा स्कूल स्तर पर ही होती है। परीक्षा के बाद इसके अंक माशिम के आनलाइन माड्यूल पर चढ़ाने होते हैं। यह पोर्टल पूरे समय खुला रहता है। स्कूल संचालको ने आनलाइन अंक चढ़ाने के काम में बड़ी गलती की और आधे-अधूरे अंक भेज दिए गए। अब इसका खामियाजा परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। अपनी गलती छिपाने के लिए स्कूल ऐसे विद्यार्थियों से जबरदस्ती दूसरी परीक्षा का आवेदन करा रहे हैं। माशिम के पास ऐसे 28 विद्यार्थियों की शिकायत आ चुकी है, जिनका कहना है कि प्रायोगिक परीक्षा देने के बावजूद स्कूल ने उनके अंक नहीं भेजे या आधे-अधूरे नंबर भेजे। जिसकी वजह से वे फेल हुए हैं। कई विद्यार्थियों की शिकायत को खुद संबंधित स्कूल के प्राचार्य ने अग्रसारित किया है। यानी स्कूल खुद स्वीकार कर रहे हैं कि अंक भेजने में उनसे गलती हुई है। कई विद्यार्थियों की शिकायतें जिला शिक्षा अधिकारियों की ओर से भी अग्रसारित होकर आई हैं।

### मंडल का दावा, उनकी गलती नहीं...

मंडल के अधिकारियों का कहना है कि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। अब ऐसे विद्यार्थियों को दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन करना ही होगा। वे चाहें तो अंक सुधार के लिए परीक्षा दे सकते हैं। अगर परीक्षा नहीं देना चाहते हैं तो उनके आंतरिक मूल्यांकन के अंक स्कूल से लेकर सैद्धांतिक परीक्षा के अंकों को जोड़कर रिजल्ट तैयार कर लिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों को दूसरी परीक्षा का सिर्फ ऑनलाइन आवेदन भरना होगा।

### दोबारा आवेदन करने का शुल्क ढाई हजार रूपए...

जिन विद्यार्थियों को सभी विषयों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक के लिए दूसरी परीक्षा में आवेदन करना होगा, उन्हें ढाई हजार रूपए शुल्क देना होगा। एक विषय की परीक्षा के लिए 500 रुपये शुल्क लगता है। ऐसे में पांच या छह विषय के लिए विद्यार्थी को ढाई से तीन हजार रुपये शुल्क देना होगा। इसके लिए आवेदन 31 मई तक करना होगा। परीक्षा 17 जून से होनी है।

### अंकसूची में मार्च व जून माह का आएगा अंतर...

माध्यमिक शिक्षा मंडल की पहली व दूसरी परीक्षा की अंकसूची एक ही रहेगी। इसमें अंतर सिर्फ मार्च व जून माह लिखा होगा। जिन विद्यार्थियों ने मार्च में परीक्षा दी है, उनकी अंकसूची पर मार्च 2025 व जिन विद्यार्थियों की दूसरी परीक्षा जून में होगी, उनमें जून 2025 लिखा होगा। इसके अलावा अंकसूची में प्रथम या द्वितीय परीक्षा जैसा कुछ भी नहीं लिखा होगा।

### इनका कहना...

आंतरिक मूल्यांकन के अंक के लिए साल भर पोर्टल खुला रहता है। अगर स्कूल ने गलत अंक भेजे हैं या अंक ही नहीं भेजे हैं तो उनकी गलती है। परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे विद्यार्थियों को दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन करना ही होगा।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव, माशिम भोपाल**

स्कूल संचालको ने अंक नहीं भेजे है तो इस संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं मिली है। अगर शिकायत मिलेगी तो संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**शिल्पा गुप्ता**
**आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल**

# कांग्रेस का एट लेन पर विरोध प्रदर्शन, गंगाजल का छिड़काव किया...



**दिल्ली-मुंबई 08 लेन एक्सप्रेस वे पर लगे कैमरे में भाजपा नेता मनोहर धाकड़ और उनकी महिला मित्र के दो आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गरोठ क्षेत्र के टोल प्लाजा पहुंचकर गायत्री मंत्र का जाप किया और गंगाजल से एक्सप्रेस-वे का शुद्धिकरण कर विरोध जताया।**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश जायसवाल ने कहा कि एक्सप्रेस वे पर असभ्य, अभद्र घटना हुई है। जिसको लेकर हमारा क्षेत्र शर्मिंदा है। उसी को मद्देनजर रखते हुए हमने गंगाजल से सड़क का शुद्धिकरण किया, गायत्री मंत्र का जाप कर प्रार्थना की कि भगवान सबको सद्बुद्धि दे। साथ ही प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने और इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसकी मांग की है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश जायसवाल के साथ कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद फरक्या और युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडे, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष दर्शन सिंह अरोरा और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रितिक पटेल के साथ अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।





# तेज तपन से पसीने हुआ नौतपा का पहला दिन

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** नौतपा का पहला दिन तेज धूप और तपन को समर्पित रहा। पहला नौतपा अर्थात रोहिणी का पहला दिन बारिश से नहीं गला। हालांकि, मौसम विभाग ने 25 से 27 तक तीन दिन लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है।

बता दें कि पिछले दो साल से नौतपा लगातार बारिश के प्रभाव से गलता रहा है। इस बार भी मौसम विभाग ने तीन दिन बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है। लेकिन, रविवार को दोपहर तक तेज धूप रही और शाम को बादल छाने के साथ ही ठंडी हवाएं चली। लेकिन, बारिश की स्थिति नहीं बनी। हालांकि, रात्रि में तेज हवाएं चलने की संभावना दिखाई दे रही थी।

# सभी पात्र हितग्राही 31 तक ई केवाईसी अनिवार्यत: करवाएं

## मेरा ई केवाईसी एप के माध्यम से भी करवा सकेंगे ई केवाईसी

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू कियान्वयन एवं स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था के सफल संचालन तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों की उनकी पात्रता अनुरूप खाद्यान्न सामग्री नियत समय सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मप्र शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी कराये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में 31 मई 2025 तक सभी पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी पूर्ण कराई जाना है।

ईकेवायसी का कार्य उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन के माध्यम से उचित मूल्य दुकान से सम्बद्ध ग्राम पंचायत के ग्रामों, वार्डों ऐवं शहरी दुकान के वार्डों में कैंम्पों का आयोजन किया जाकर कैम्प आयोजन हेतु गठित दल के सदस्य उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, ग्राम पंचायत के सचिव/रोजगार सहायक उचित मूल्य दुकान के नोडल अधिकारी, शहरी वार्ड के वार्ड प्रभारी द्वारा कैम्पों में सर्वे किया जाकर ईकेवायसी का कार्य कराया जा रहा है। ईकेवायसी के दौरान पीओएस मशीन में 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, वृद्धजन, या अन्य जिनका बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के साथ-साथ ऐसे हितग्राही जो अपनी मूल उचित मूल्य दुकान के बाहर मप्र के किसी भी अन्य स्थान में निवासरत है या जो हितग्राही अपने कार्य की व्यस्तता के कारण उचित मूल्य दुकान या कैम्पों में उपस्थित नहीं हो सकते है, ऐसे सभी हितग्राहियों की ईकेवायसी के लिये शासन द्वारा 'मेरा ईकेवायसी एप लॉन्च किया गया है। उक्त एप के माध्यम से उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के अतिरिक्त पात्र हितग्राही भी स्वयं अपने एंड्रोइड मोबाईल फोन के माध्यम से मेरा शघधउएप को डाउनलोड कर स्वयं भी एवं परिवार के सदस्यों के भी साथ ही अन्य पात्र हितग्राहियों का भी ईकेवायसी फेस एथेंटिकेशन के माध्यम से कर सकते है। एप के माध्यम से ईकेवायसी करने के लिये सर्वप्रथम एन्ड्रॉईड मोबाईल फोन में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से मेरा ईकेवायसी एप को डाउनलोड करना है, एप का संचालन करते समय मोबाईल की लोकशन चालू स्थिति में होना चाहिये। ईकेवायसी करते समय फेस ईकेवायसी का पेज खुलेगा जिसमें अपना राज्य मप्र का चयन करना है, इसके उपरांत जिस हितग्राही की ईकेवायसी किया जाना है, उसका 12 अंक का आधार नम्बर दर्ज करना होगा। आधार नम्बर दर्ज करने के उपरांत आधार जढ्ढ के ऑप्शन को क्लिक करने पर आधार नम्बर के साथ पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर 06 अंक की ओटीपी प्राप्त होगी। उक्त ओटीपी अंक को एप में दर्ज करना होगा, इसके पश्चात एप में जनरेट केप्चा कोड दर्ज करना होगा। उक्त प्रविष्टियों को सम्मिट करने के उपरान्त हितग्राही का विवरण खुलेगा जिसमें नाम, राज्य, समग्र आईडी, जिला एवं आधार नम्बर के अतिम 04 अंक प्रदर्शित होंगे उक्त पेज में फेस ईकेवायसी ऑप्शन का चयन करने पर हितग्राही की ईकेवायसी करने संबंधित सहमति घोषणा दिखाई देगी जिसको स्वीकृत (एक्सेप्ट) के विकल्प पर क्लिक करने पर मोबाईल फोन का फ्रंट कैमरा (सेल्फी मोड) चालू होगा जिन हितग्राही की ईकेवायसी किया जाना है, उसका चेहरा मोबाईल कैमरे के सामने करना होगा। मोबाईल फोन कैमरे में चेहरा जिस गोले के अन्दर दिखाई देगा उसका रंग हरा हो जाए इसके बाद हितग्राही को अपनी पलक को कैमरे के सामने 02 बार झपकाना होगा। ईकेवायसी संबंधित उपरोक्त सभी प्रकार की कार्यवाही करने पर ईकेवायसी सफल होने के उपरान्त मोबाईल फोन की स्कीन में ईकेवायसी सफल का संदेश दिखाई देगा अर्थात इसका मतलब यह है, कि संबंधित हितग्राही की ईकेवायसी सफल हो चुकी है।

ईकेवायसी सफल होने के संदेश का स्कीन शॉट अनिवार्य रूप से लिया जाए, जिससे की यह प्रमाण संबंधित हितग्राही के पास रहे की उनकी ईकेवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि उक्त एप के माध्यम से अविलंब 31 मई 2025 के पूर्व अपनी ईकेवायसी सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का कष्ट करें, जिससे की खाद्यान्न सामग्री की पात्रता निकट भविष्य में भी निर्वाद्ध संचालित रहे।

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेल वृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी की संचालनालय, खेल और युवा कल्याण म.प्र. 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च, 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को राशि रु. 10,000/- रजत पदक विजेता खिलाडी को राशि रु. 8.000/- एवं कांस्य पदक विजेता खिलाडी को राशि रु. 6.000/- खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन आगामी 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त कर सकते है। 31 मई के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली की जानकारी विभागीय वेबसाईट www.dsy wmp.gov.in पर पर उपलब्ध है।



## प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**नीमच, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया का रविवार को नीमच आगमन हुआ। नीमच आगमन पर हवाई पट्टी के सामने स्थित विश्राम ग्रह पर, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य श्री पवन पाटीदार, न.पा.पार्षद एवं सभापति श्रीमती वंदना खंडेलवाल, श्री निलेश पाटीदार श्री मदन गुर्जर , श्री लोकेश चांगल, श्री सुखलाल पंवार श्रीमती मीना जायसवाल एवं पार्षदगणों, अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने भी प्रभारी मंत्री जी से भेंट कर उनका स्वागत किया और जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन जल गंगा संवर्धन अभियान ई केवाईसी अभियान जन सहयोग से जल संवर्धन आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अवगत कराया। इस अवसर पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या तहसीलदार श्री संजय मालवीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**मन की बात कार्यक्रम:-** प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों के साथ रविवार को सर्किट हाउस नीमच पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा एवं सुना।

## धनगर गायरी समाज मल्हारगढ़ तहसील की बैठक संपन्न



**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला धनगर गायरी समाज द्वारा मल्हारगढ तहसील की बैठक का आयोजन देवनारायण मंदिर नापाखेड़ा पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर द्वारा की गई। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है जिसके अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल धनगर सरपंच लुनाहेडा,तहसील अध्यक्ष मल्हारगढ शंभूलाल धनगर कनघट्टी मनोनीत किए गए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाकर सामाजिक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। जिला स्तर पर अहिल्या देवी जयंती का आयोजन, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान, केरियर काउंसलिंग का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ रामलाल धनगर मउखेडी, कचरूलाल चडावत ,बद्रीलाल धनगर, विक्रम विद्यार्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल धनगर जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर, जिला उपाध्यक्ष सुरेश धनगर , जिला कोषाध्यक्ष अंबालाल धनगर,डॉ प्रभुलाल धनगर , अंबालाल धनगर, नरेंद्र पाठोद, पुखराज चौहान ,जितेंद्र धनगर, यशवंत धनगर ,राहुल धनगर आदि समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंबालाल धनगर द्वारा ने किया व आभार जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर ने माना।



## नवीन आचार्य चयन परीक्षा सम्पन्न, 43 शिक्षार्थी ने की सहभागिता

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** 25 मई, रविवार को मंदसौर जिला ग्रामीण शिक्षा समिति द्वारा संचालित जिले के सरस्वती शिशु मंदिर में सेवा देने वाले आचार्य दीदी की नियुक्ति के पूर्व आगामी सत्र 25-26 के लिए जिले से आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें 50 गांव से 65 आचार्य दीदी ने आवेदन किये और आज इनकी ऑफलाइन और ऑनलाइन परीक्षा सम्पन्न हुई जिसमें 43 शिक्षार्थी की सहभागिता रही। परीक्षा के पूर्व जिला समिति से श्री प्रभुलाल धनौरा अध्यक्ष,श्रीगजेंद्र सिंह राठौड़ सचिव, श्री सागरमल मेहता कोषाध्यक्ष,श्री रविंद्र पांडे उपाध्यक्ष की उपस्थिति में परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में चयन होने वाले आचार्य दीदी का 7 दिवसीय प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में 3 जून से 9 जून तक आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षा के मापदंड एवं नियमावली महेश विश्वकर्मा जिला प्रमुख मंदसौर द्वारा दीं गई साथ ही परीक्षा को सम्पन्न करने के लिए जिले से परीक्षा प्रभारी मोहन लाल पोपण्डिया, बगदीरामदास बैरागी, कारूलाल प्रजापति, जवाहर लाल विश्वकर्मा, अशोक शर्मा रहे। परीक्षा का लेखा कार्य श्यामलाल प्रजापति ने किया।

## दलौदा की विद्युत कटौती की समस्या से प्रभारी मंत्री सहित अधिकारियों को अवगत कराया

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** दलोदा में इन दिनों हो रही विद्युत की अघोषित कटौती को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला कोर कमेटी में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया को अवगत कराया तथा पिछले दिनों कार्यपालन यंत्री मंदसौर से हुई चर्चा के बारे में अवगत कराते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल को व्यवस्था को सुधारे जाने संबंधी जानकारी पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता से यशपाल सिंह सिसौदिया द्वारा दी गई विषय के संदर्भ में प्रभारी मंत्री ने अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल को निर्देशित किया की समस्या का सुलभ, सरल तथा शीघ्र समाधान किया जाए।

प्रभारी मंत्री के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी के मंदसौर के अधीक्षण यंत्री श्री जैन को अवगत कराया, श्री जैन ने दूरभाष पर पूर्व विधायक श्री सिसोदिया को बताया कि मीटर के परिवर्तन के कारण से तथा आंधी तूफान के कारण से इन दिनों दलोदा में विद्युत की सप्लाई में गड़बड़ी हो रही है, उन्होंने मीटर परिवर्तन पर फिलहाल रोक लगाने की बात कहीं, श्री सिसोदिया ने श्री जैन को अवगत कराया की दलोदा की भाजपा नेत्री श्रीमती विमला धनौरा ने पिछले दिनों उन्हें अवगत कराया था कि अटल नगर एवं अंबिका नगर दलौदा तहसील मुख्यालय की बजाए ग्रामीण क्षेत्र फतेहगढ, बानीखेड़ी के फीडर से जुड़े हुए हैं इस कारण यहां पर विद्युत की समस्या बनी रहती है, इस पर श्री जैन ने श्री सिसोदिया को भरोसा दिलाया कि इस पर वर्कआउट करके समस्या का समाधान कर लेंगे। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के द्वारा तत्काल संज्ञान में लिए जाने पर उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस जवाहरलाल नेहरु की पुण्य तिथि मनाएंगी

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उनकी पुण्यतिथि 27 मई मंगलवार को प्रात: 9:30 बजे पंडित नेहरू बस स्टैंड स्थित उनकी आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पुष्पांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी वकार खान एवं योगेंद्र गौड़ ने मंदसौर शहर के सभी कांग्रेस जनों से आयोजन में भागीदारी की अपील की है।

## पशुपालक डॉ. आम्बेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठावें

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि सभी वर्ग के किसान पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण की सुविधा के साथ शासकीय अनुदान से कर सकते है। आवेदक की पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश राज्य का निवासी होना चाहिए। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिए है। हितग्राही को ऑनलाईन पोर्टल www.mpdah.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास न्यूनतम 3.50 एकड कृषि भूमि होना आवश्यक है। योजनांतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी। एक इकाई में समस्त गौवंश या समस्त भैंसवंश ही होगें। एक इकाई की समस्त गाय/भैंस एक ही प्रजाति की होगी। योजना में भारतीय मूल की देशी गाय की नस्लों में साहिवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लो में एच.एफ.जर्सी, भैंसो में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल की जा सकेंगी। लाभार्थी को किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय/शासन द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। आवेदक को योजना की स्वीकृति हेतु प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 33 प्रतिशत तथा अन्य श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 25 प्रतिशत होगी। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग मंदसौर से संपर्क करें।

## धोनी बोले-आईपीएल से संन्यास पर 4-5 महीने बाद फैसला करूंगा

**नईदिल्ली, 25 मई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एम एस धोनी ने कहा है कि वे अपने संन्यास पर फैसला लेने से पहले समय लेंगे। 43 साल के धोनी ने अहमदाबाद में आईपीएल 2025 में टीम के आखिरी मैच में सीएसके को जीत दिलाई। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में धोनी ने कहा कि वे रिटायरमेंट के फैसले के लिए कुछ समय लेंगे और आने वाले कुछ महीनों में तय करेंगे कि वे अगला सीजन खेलेंगे या नहीं। वे बोले- 'मेरे पास फैसला करने के लिए 4-5 महीने हैं। कोई जल्दी नहीं है कि क्या करना है। हर साल शरीर को फिट रखने में 50% ज्यादा मेहनत लगती है।' 'अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगें, तो कइयों को तो 22 की उम्र में ही संन्यास लेना पड़ेगा। जरूरी यह है कि आपके अंदर कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं और टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं और क्या टीम को आपकी जरूरत है।' 'मेरे पास पर्याप्त समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, लंबे समय से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइडका आनंद लूंगा, फिर 2-3 महीने बाद फैसला करूंगा।

## जिला प्रशासन द्वारा कल से जिले में चार दिवसीय ईकेवायसी महाअभियान

**नीमच, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में 27 मई से 30 मई 2025 तक विभिन्नि प्रकार के ईकेवायसी करने के लिए कलेक्टलर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार विशेष महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत समग्र, खाद्य, आधार, आर.ओ.आर., ईकेवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का शतप्रतिशत कार्य किया जावेगा। जिले में प्रशासन द्वारा ईकेवायसी के लिए 14 से 17 मई तक चलाए गये प्रथम ईकेवायसी महाअभियान में कुल 33 हजार 877 हितग्राहियों की ईकेवायसी की गई थी। इनमें जावद उपखण्ड क्षेत्र में 11 हजार 166 ईकेवायसी, मनासा क्षेत्र में 11 हजर 886 एवं नीमच उपखण्ड क्षेत्र में 10 हजार 825 हितग्राहियों की ईकेवायसी की गई थी। प्रथम ईकेवायसी महाअभियान के बाद भी शेष रहे हितग्राहियों के ईकेवायसी करने के लिए जिले में 27 मई से 30 मई तक चार दिवसीय ईकेवायसी महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने इस महाअभियान में राजस्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी विभागों के ग्राम स्तरीय अमले को घर-घर संपर्क कर विशेष शिविर आयोजित कर शेष रहे हितग्राहियों की शतप्रतिशत ईकेवायसी करवाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं सभी सीएमओ को ईकेवायसी महाअभियान की निरंतर मॉनीटरिंग व समीक्षा करने के निर्देश दिए है।

## ✻✻✻ सफलता की कहानी ✻✻✻

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ने बदली नयागांव के राजमल की किस्मत

### दूसरों के यहां वेल्डिंग करते थे, अब खुद के कारखाने में दूसरों को भी दे रहे रोजगार

**नीमच, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** कहते है खुद पर भरोसा हो तो कुछ भी असंभव नही है। कुछ ऐसा ही उदाहरण देखने को मिलता है नीमच जिले के नयागांव के स्टेशन रोड़ पर श्री देव वेल्डिंग वर्क्स के संचालक राजमल गायरी का, जिन्होंने अपनी लगन और मेहनत से अपना नाम कमाया है। वे कभी दूसरों के फैक्टरी में वेल्डिंग का कार्य किया करते थे, लेकिन अब पीएमईजीपी योजना का लाभ लेकर खुद का बड़ा कारखाना डालकर महीने के लाखों रुपए काम रहे है, उन्होने खुद को तो स्थापित किया साथ ही अन्य युवाओं को भी रोजगार दे रहे है। इनके कुशल कार्य को देखते हुए देश भर से लोग यहां आते है जुगाड़ और कृषि संयंत्र बनवाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने युवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में अनेक योजनाएं चलाई है, जिसमे से एक योजना है प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम। जिसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है। जिसमे हितग्राही को विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रुपये से अधिक और व्यवसाय, सेवा क्षेत्र में 5 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो, उन्हें ऋण पर 35% तक की सब्सिडी भी मिलती है। नयागांव के राजमल ने इस योजना का लाभ लेकर 10 लाख रुपए का ऋण प्राप्त कर अपनी छोटी दुकान को बड़े कारखाने में बदल कर, अपनी किस्मत बदल डाली हैं। आज राजमल के कारखाने पर 10 से 12 अन्य लोगों को भी रोजगार मिला है। नयागांव स्टेशन रोड़ स्थित श्री देव वेल्डिंग वर्क्स पर आज देश भर के किसान और लॉरी बनवाने वाले आते है। यहां वे अपनी जरूरत के मुताबिक अत्याधुनिक तकनीक से लैस जुगाड़ और अन्य कृषि संयंत्र बनवाते है। राजमल की प्रसिद्धि अब इतनी है, कि रोजाना कई ग्राहक उनके यहां आते है जिससे वो हजारों रुपए रोजाना कमाते है। इस काम में उनके एक और साथी है मदन माली जो इस कार्य में उनका पूरा सहयोग करते है। राजमल और उनका परिवार दे रहा है, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को धन्यवाद। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से लाभावित राजमल गायरी ने बताया कि हमारी नयागांव स्टेशन रोड़ पर श्री देव वेल्डिंग वर्क्स दुकान है, जहां यहां किसानों की ज़रूरतों को आसान करने के लिए कृषि यंत्र बनाते है। जो छोटे छोटे किसान है, जो ट्रैक्टर नही खरीद सकते उनके लिए खेती के कई तरह के जुगाड़ बनाए है। साथ ही जो फेरीवाले रहते है उनकी पुरानी बाइक पर ट्रॉलियां बनाई है। कृषि के दवाई स्प्रे के जुगाड़, कल्टीवेटर, खरपतवार जैसे अनेक यंत्र बनाते है। यह सब जो हमने किया है वो श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से हुआ है वे कहते है, कि प्रधानमंत्री जी ने पीएमईजीपी योजना लागू की है यह उनके लिए बहुत ही सार्थक हुई है। इसी योजना से वे आत्मईनिर्भर बन पाए है। इसके लिए राजमल, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का धन्यवाद दे रहे हैं। राजमल को पीएमईजीपी योजना से 10 लाख रुपए का ऋण और उस पर 35% का अनुदान भी शासन की ओर से मिला हैं।



## नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** महावीर व्यायाम शाला मंदसौर द्वारा विभिन्न प्रकार की विधाओं के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर 25 मई से 4 जून तक प्रारंभ किया हैं।इस निशुल्क शिविर के माध्यम से विभिन्न आयु वर्ग के बंधुओं को तैराकी ,योग और शूटिंग विधाओं में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए महावीर व्यायाम शाला द्वारा बताया गया कि तैराकी प्रतियोगिता 25 मई से 4 जून तक प्रात: 7:30 से 8:30 तक नपा तरणताल पर( 12 वर्ष से 16 वर्ष के बालक) हेतु और प्रात: 10 से 11:00 तक 18 वर्ष से अधिक आयु के बंधुओं हेतु संचालित होगी। तैराकी प्रशिक्षण हेतु वस्त्र प्रशिक्षार्थी को स्वयं लाने होंगे। इसी प्रकार शूटिंग प्रशिक्षण 25 मई से 4 जून तक प्रतिदिन शाम को 5:00 से 6:00 तक पाटीदार डेंटल क्लिनिक संजय गांधी उद्यान रोड प्रथम तल पर संचालित होगी। शूटिंग प्रशिक्षण में 12 से 16 वर्ष के बंधु भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार योग प्रशिक्षण 25 मई से 4 जून तक प्रात: 6:30 से 7:30 सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर पर दिया जाएगा। योग प्रशिक्षण हेतु 16 वर्ष से अधिक के बंधु अपेक्षित रहेंगे। योग प्रशिक्षक जी को दरी (बिछोना) स्वयं लेकर आना होगा।

## पिछडावर्गपोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31तक

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याणविभाग के सहायक संचालक ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तिवर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदन हेतु MPTAAS पोर्टल पुन:प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम 31 मई निर्धारित की गई है। जिलें में संचालितसमस्त महाविद्यालयों को निर्देषित किया जाता है, कि संस्था में अध्ययनरत वर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रों के MPTAAS पोर्टल पर आवेदन जमा किए जाए।

## बूढ़ा में यज्ञ चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर आज से

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज द्वारा दिनांक 26 से 28 मई तक तीन दिवसीय यज्ञ चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरूकुल आर्य बाल मंदिर ग्राम बूढा में किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए आर्य समाज मंदसौर प्रधान मधुसूदन आर्य ने बताया कि इस शिविर में प्रसिद्ध यज्ञ चिकित्सक, वेदाचार्य डॉ. कमलनारायण आर्य, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से यज्ञ चिकित्सा परामर्शदाता एवं अनुसंधानकर्ता स्वामी यज्ञदेवजी महाराज एवं मुम्बई से प्रसिद्ध दर्शनाचार्य आचार्य अरूणकुमार आचार्य का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। इस तीन दिवसीय शिविर में प्रतिदिन प्रतिदिन प्रात: 7 से 9.30 बजे तक एवं सायं 4 से 6.30 बजे तक यज्ञ प्रशिक्षण एवं प्रवचन होंगे तथा रात्रि 8 से 120 बजे तक भवन व प्रवचन होंगे। ओजस्वी भजनोपदेशक एवं प्रांतीय अधिष्ठाता आर्यवीर दल पं. काशीराम आर्य अनल का सानिध्य प्राप्त होगा। इस शिविर में विशेष सहयोग एमडीएच ग्रुप के चेयरमेन राजीव गुलाटी, तथा सर्वे भवन्तु सुखीन: ट्रस्ट दिल्ली के जितेन्द्र भाटीया है। शिविर में दैनिक यज्ञ विधि का क्रियात्मक प्रशिक्षण, यज्ञ का महत्व, लाभ और वैज्ञानिक विवेचन, यज्ञ मंत्रों के शुऋउच्चारण का अभ्यास, यज्ञ विषयक शंकाओं का समाधान, यज्ञ द्वारा विभिन्न रोगों का चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही बाहर से आने वाले शिविरार्थियों हेतु आवास व भोजन की व्यवस्था भी की गई है। आर्य समाज मंदसौर प्रधान मधुसूदन आर्य ने अधिक से अधिक लोगों से इस तीन दिवसीय शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

## मोटापे और मधुमेह से छुटकारा पाने का कारगर उपाय है योग-जैन

### आठ दिवसीय मोटापा व मधुमेह उन्मूलन हेतु नि:शुल्क योग शिविर का आज होगा समापन



**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन में रोटरी क्लब और दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित आठ दिवसीय मोटापा व मधुमेह उन्मूलन हेतु नि:शुल्कयोग शिविर में योग गुरु सुरेंद्र जैन ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन जैसे सर्वांगमस्ती आसन, वीरासन, मण्डूकासन, उष्ट्रासन, हास्य योग और ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि ये योग क्रियाएं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, तनाव कम करने और मधुमेह व मोटापे को नियंत्रित करने में सहायक हैं।

श्री जैन ने कहा कि योग से तन-मन स्फूर्त रहता है और दिनचर्या नियंत्रित तनावमुक्त होती है। असमय खान-पान, चिंता, तनाव, अनुवांशिक, कम शारीरिक परिश्रम के कारण पाचन तंत्र में इंसुलिन की मात्रा पर्याप्त नहीं बनने के कारण आजकल मधुमेह के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक बार यह रोग लगने के बाद चिकित्सा विज्ञान इसे जड़ से समाप्त करने में असमर्थ रहा है। यदि रोगी इससे छुटकारा पाना चाहता है तो उसका एकमात्र कारगर उपाय है योग। संस्थान उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने बताया कि 19 मई से आयोजित हुए शिविर का आज 26 मई सोमवार को समापन होगा। आठ दिवसीय शिविर में प्रतिदिन करीब 80 रोगियों एवं साधकों ने विभिन्न योग आसनों व प्राणायाम का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा खानपान व जीवन शैली कैसी हो इसके बारे में भी जानकारी प्राप्त की। योग संस्था द्वारा प्रतिदिन मंदसौर में विगत 18 वर्षों र्नि:शुल्क कक्षायें संचालित की जा रही है जिसका अधिक से अधिक लाभ लो। प्रारंभ में सूक्ष्म क्रिया योग शिक्षक जिनेन्द्र उकावत ने कराई। इस अवसर पर संस्थान के जितेश फरक्या, प्रीति जैन, अंतिमबाला मालवीय, जापानी भावनानी, धर्मदास संगतानी, गिरवर माली, महेश सेठिया, गोपाली उपाध्याय, ललित जैन, राजकुमार अग्रवाल, राजेन्द्र जैन, धर्मेन्द्र पारिख, संगीता पारिख, शारदा माली, अलका उदीवाल, नीलम जैसवानी, हेमा पारिख, सुरेश पारिख, अनिल कोठारी, प्रियंका मिण्डा, सुभाष पाटीदार, दिनेश पारिख, कोमलप्रसाद जैन, गोपालकृष्ण पलोड, अलका उदीवाल, प्रदीप जैन, कंवरलाल पाटीदार, दिलीप चौधरी, लालुप्रसाद चंचोसिया सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित थे। आभार रोटरी सदस्य प्रेमेन्द्र चौरड़िया ने माना।

## समाज के सहयोग से मुल स्वरुप में लौटी चमत्कारिक नागराजजी की बावड़ी



**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन मे मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान जनता के सहयोग से सफल हो रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन धरोहर को सहेजना ओर सुरक्षित रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सामाजिक कार्यकर्ता,नगर पालिका,वार्ड पार्षद,जनप्रतिनिधियो,सफाई कर्मचारियो एवं आस पास के रहवासियो ने निरंतर 6 दिनो तक जन सहयोग मे श्रमदान किया। जिससे नागराजजी की बावड़ी आज मुल स्वरुप मे देखने को मिल रही है। नगर पालिका मंदसौर के वार्ड क्र 12 मे बनी इस प्राचीन बावडी मे 50 फीट निचे से गर्मी के मोसम मे पानी आ रहा है, जो जल संवर्धन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ लेते वार्ड पार्षद सुनीता भावसार, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, सुदीप शर्मा ने कहीं। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, हरिओम गंधर्व,मंजू भावसार, रतनलाल चौहान एवं वार्ड के रहवासी, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वार्ड के रहवासियो ने बताया की भीषण जल संकट के दौरान पुर्व मे इस बावडी का उपयोग नल जल सप्लाई में भी किया जा चुका है। वर्तमान में निरंतर अगर इसकी सफाई होती रहे ओर देख रेख होती रहै तो निश्चित ही यह नगर के लिए पेयजल का एक मुख्य स्रोत भी बन सकती है। साथ उपरोक्त बावड़ी के रखरखाव एवं मरम्मत की बात भी गई है। जन सहयोग से की गए सफाई के लिए रहवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की खुलकर प्रशंसा भी की है। यह जानकारी हरिओम गंधर्व ने दी।





# शिवना शुद्धिकरण महायज्ञ में आहूति देने उमड़ा जन सैलाब

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहा शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान को रविवार को 25 दिन हो गये। इन 25 दिनों में नगर के जागरूक नागरिकों ने 296 ट्राली जलकुंभी व गंदगी शिवना से निकाली तथा शिवना मैया के प्रति अपने कर्तव्य को निभाया। इन श्रमदानियों के श्रमदान से प्रतिदिन दूर गांवों के लोग भी प्रेरणा ले रहे है और शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रात:काल दो घण्टे श्रमदान करने उपस्थित हो रहे है।

विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान किसी व्यक्ति विशेष, वर्ग विशेष या किसी राजनीतिक दल का नहीं होकर जन-जन का अभियान है। इसमें शुद्धिकरण महायज्ञ में सभी अपने श्रम रूपी आहुति देकर शिवना को गंदगी व जलकुंभी बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने बताया कि 1 मई से शुरू हुए इस अभियान में दिन पे दिन श्रमदानियों की संख्या बढती जा रही है। सभी के दो घण्टे की मेहनत से अच्छे परिणाम दिख रहे है। तेज हवा व आंधी की वजह से बहकर आई जलकुंभी को हटाया जा रहा है। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में विधायक श्री विपिन जैन, करनाखेडी गांव अम्बेडकर रोड से देवीलाल सूर्यवंशी, हीरालाल सूर्यवंशी, राजू सूर्यवंशी, रामप्रसाद सूर्यवंशी, घनश्याम सूर्यवंशी, पप्पू सूर्यवंशी, पूनमचंद सूर्यवंशी, नारायण सूर्यवंशी, जुझार सूर्यवंशी, गोवर्धन सूर्यवंशी, अर्जुन भीलराणा, नाथूलाल सूर्यवंशी, बद्रीलाल सूर्यवंशी, निम्बोद गांव से कमलेश जैन, सुनील जैन, मनीष जैन, अमलावद गांव से महिपालसिंह परिहार, कैलाश कुमावत, इन्द्रेश कुमावत, खिलचीपुरा महिला ग्रुप से कलाबाई, गंगाबाई, बगदीबाई, शांतिबाई, कांताबाई, लालीबाई, कलाबाई माली, घाणावार साहू तेली समाज के गोपाल धामनोदीया, संतोष इंदौरा, रामेश्वर इंदौरा, राजेश बंधवार, रमेश झरवार, कैलाश डगवार, सुनील बघेरवाल, भेरूलाल राठौर, रूपचंद ढोढरिया, भंवरलाल कोलानिया, दशरथ ढोढरिया, शंकर ढोढरिया, ओमप्रकाश डगवार, सत्यनारायण सरतालिया, गीता सरतालिया, प्रभा सरतालिया, पुखराज दया, समाजसेवीयो में सर्वश्री बंशीलाल टांक, मनीष भावसार, महेश दुबे, सुनील व्यास, रामगोपाल गुप्ता, भंवरलाल प्रजापत, अभिषेक तिवारी, बालकृष्ण पोरवाल, उमेश सिंह बेस, विजय आनंद, महेश मालवीय, राकेश खराड़िया, अभिषेक रत्नावत, नमन पालीवाल, निलेश जैन, राकेश जैन पिंटू, नितनेश बसेर, सुधांशु भावसार, ओमप्रकाश सूर्यवंशी मांडवी, दीपक तिवारी, ओमप्रकाश भावसार, प्रवीण भावसार, प्रत्यक्षानंद सेवा समिति से प्रद्युम्न शर्मा, राजेश शर्मा, राजेश रेक्वार, सत्यनारायण चिचानी, राजकुमार देवड़ा, हरिश भावसार, ललित राठौर, संजय मण्डोवरा, विनोद रूनवाल, अर्पित पोरवाल, महेश नागर, साहित्य परिषद के नरेन्द्र भावसार, चन्द्रकलासिंह भावसार, पद्मावती नगर अभिनंदन नगर स्थित जैन मंदिर गली से जगदीश राठौर, भगवानदास लालवानी, सुभाष पंवार, अनिल कसेरा, डी.के. काले, इन्द्रकुमार इसरानी, टिकमचन्द सांखला, सुंगधचन्द्र जैन, हरिश साजवानी, रतनलाल सिखवाल, प्रमोद व्यास, दिगम्बर जैन सोश्यल सीनियर सिटीजन ग्रुप मंदसौर से पं. अरविंद जैन, राजकुमार गोधा, दिलीपकुमार जैन, भावना जैन, धुरवी जैन, महावीर कोटरिया, अजीत बंडी, सुरेश दीपमाला, अनिल जैन, विनोद सिंहल, सुरेश कागला, विनोद गांधी, नटवर पारिख, महिला नेत्रियों में सोनाली जैन, अनिता भदोरिया, वर्षा दोसरिया, दीपा दादवानी, प्रमिला पोरवाल, आशा पोरवाल, गीताली पोरवाल, दीपाली पोरवाल, शैली पोरवाल, ज्योति प्रजापति, रीना सेठिया गुजरात, आशा मारू, कांग्रेसजन तरूण खिंची, डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, किशोर गोयल, आसीफ छीपा, डिकपालसिंह भाटी, राजनारायण लाड, अम्बालाल हिंगोरिया, दिलीप देवड़ा, रमेश सिगार, राजेश फरक्या, मनोहर नाहटा, मुकेश यादव, योगेश जोशी, विश्वास दुबे, साबिर ,सादिक गौरी, राकेश सेन, संजय नाहर, शैलेन्द्र गोस्वामी, मिथुन कटारिया, अशोक राव, ऋषिराज लाड, मनोहर रत्नावत, चेनसिंह सिसौदिया, घनश्याम लोहार, शुभम कुमावत, अजय सोनी, गणपत कुमावत, कनिष्क सोनी, शिवशंकर सौलंकी, दिव्यांश सौलंकी, रूपेश फरक्या, लोकेश, कृष्णकांत जैन, विनय जैन, जगदीशचंद्र सलोद, डॉ. सोहनलाल धाकड, राजेश चौधरी, योगेन्द्र गोड़, गोपाल बंजारा, राजा भाई, अकरम खान, आसीफ खान, रवि विनायका सहित बड़ी संख्या में मंदसौर व आसपास क्षेत्रों से नागरिकगण श्रमदान करने पहुंचे।

# शासकीय जमीन पर हो रही भूमाफियाओं के द्वारा बंदरबाट



**सुवासरा, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर की शासकीय जमीन पर हो रही भूमाफियाओं के द्वारा बंदरबाट पर प्रशासन की नजर पड़ने लगी है। नगरी क्षेत्र में आने वाली शासकीय जमीनों पर भूमाफियाओं के द्वारा निजी सर्वे नंबर से रजिस्ट्री करा कर शासकीय जमीन लोगों को दी जा रही है। राजस्व विभाग को जब इस बंदरबाटकी पता चली तो तहसीलदार ने जिला पंजीयक, अपर कलेक्टर और एस डी एम को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद तहसीलदार ने नगरी क्षेत्र में कुछ सर्वे नंबर और नगर परिषद से जारी होने वाले स्वामित्व प्रमाण पत्र पर होने वाली रजिस्ट्रियों पर रोक लगा दी। बिना तहसीलदार के सत्यापन के इन सर्वे नंबरों की रजिस्ट्री नगर परिषद के स्वामित्व पत्र के आधार पर नहीं कराई जा सकेगी। मामले का खुलासा तब हुआ जब तहसीलदार के पास सर्वे न. 1035 भूमि का सीमांकन का आवेदन आया। जब उसका सीमांकन तहसीलदार के द्वारा करवाया गया तो वह शासकीय निकली। जिसमें उक्त सर्वे नंबर पर 21 लोगों के पक्के निर्माण पाए गए। इसके बाद तहसीलदार ने सभी 21 लोगों को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहां है। जिसमें आधे लोगों के पास सर्वे नंबर 1034 का है और मकान 1035 पर बने हुए हैं। जो कि शासकीय है। और आधे लोगों ने नगर परिषद के स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर मकान का निर्माण कर लिया जो सीमांकन के दौरान शासकीय भूमि पर बने पाए गए। इसी प्रकार नगर के भूमाफियाओं के द्वारा अपने निजी स्वत्व की भूमि की रजिस्ट्री कराकर क्रेताओं के पास में स्थित शासकीय भूमि को निजी बात कर कब्जा करवाया जा रहा है। कस्बा सुवासरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 735, 918, 1034, 1045, 1057, 1077, और 1097 के बटे नंबरों में इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद तहसीलदार मोहित सिनम द्वारा पंजीयक कार्यालयो को लिखे गए पत्र में कस्बा सुवासरा स्थित शासकीय भूमियो को अतिक्रमण एवं भूमाफियाओं के अवैध कब्जे से बचाने के लिए नगर परिषद द्वारा जारी स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर बिना तहसील कार्यालय के अनापत्ति प्रमाण पत्र के कोई भी विक्रय लेख पंजीकृत नही किये जा सकेंगे। इसके साथ ही तहसीलदार ने उपरोक्त निजी सर्वे न. में तहसील कार्यालय की अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना किसी भी प्रकार का विक्रय पत्र जिला पंजीयक एवं सभी उपपंजीयक कार्यालयो में पंजीकृत नही किया जाए।

**इनका कहना है**

शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे रोकने के लिए तहसील कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक किया है।

**मोहित सिंनम**
**तहसीलदार सुवासरा**

## मंदसौर की हवाई पट्टी पर नई सौगात...

# आम नागरिकों को होगी हवा में आनंद की अनुभूति



**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर की हवाई पट्टी ने नवाचारों के साथ अपना कार्य निरंतर जारी रखा हुआ है, इसके अंतर्गत आज 25 मई को हवाई पट्टी पर अनौपचारिक रूप 'तीन एक्टिविटीज' का शुभारंभ हो गया है, हवा में पैरा ग्लाइडिंग, पेरा सेलिंग और पेरा मोटरिंग की अद्भुत सेवाएं प्रारंभ हो गई है।

ग्लोबल कनेक्ट एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कप्तान श्री एस एस सरन ने विस्तार से तीनों इवेंट के बारे में जानकारी दी तथा भविष्य में किस प्रकार से और मंदसौर की हवाई पट्टी को विभिन्न संसाधनों के साथ विकसित किया जा रहा है उसके बारे में बताया। इस अवसर पर मंदसौर के वरिष्ठ सांसद श्री सुधीर गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, भाजपा के वरिष्ठनेता श्री विजय सुराणा भी उपस्थित थें। तीनों इवेंट की शुरुआत सांसद श्री गुप्ता तथा पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने प्रत्यक्ष रूप से पायलेट श्री रोहित द्वारा उडान भरी गई जो आसमान में निर्धारित अधिकतम उंचाई तक पहुंचाई गई। कैप्टन श्री सरन ने बताया कि तीनों अलग-अलग इवेंट के अलग-अलग निर्धारित शुल्क तय किए गए हैं, यह सुविधा हवाई पट्टी पर प्रत्येक रविवार को सप्ताह में एक दिन सुबह 6:30 बजे से 9:00 बजे तक तथा शाम को 4:00 बजे से 5:30 बजे तक रहेगी। सांसद श्री गुप्ता तथा पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने युवाओं से तथा आम नागरिकों से इन तीनों एक्टिविटीज का आनंद और लाभ उठाने की अपील की है तथा यह भी बताया कि मंदसौर शहर की हवाई पट्टी पर तीनों एक्टिविटीज का एक साथ होना सौभाग्य की और बडी बात है।

# एकता ही हिन्दुओं की सुरक्षा की गारंटी-भागवत

**नईदिल्ली, 25 मई।** आरएसएस चीफ ने कहा कि हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही है। इसके साथ ही संगठन का विस्तार इस शक्ति को और व्यापक रूप देगा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर हिंदुओं की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की एकता ही हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की शुरुआत समाज से होती है, सिर्फ राज्य से नहीं। मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज और भारत एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए है और हिंदू समाज जब सशक्त होगा, तभी भारत गौरव प्राप्त करेगा।

**हिंदुओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने की दी सलाह**-इस दौरान मोहन भागवत ने हिंदुओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने की भी सलाह दी। मोहन भागवत ने कहा कि आपको खुद अपनी रक्षा करनी होगी, दूसरों का इंतजार मत करिए। जब हिंदू मजबूती से खडे होते हैं तब दुनिया उन्हें गंभीरता से लेती है।

**हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही**-आरएसएसचीफ ने आगे कहा कि हिंदू समाज की आंतरिक शक्ति बढ़ रही है। इसके साथ ही संगठन का विस्तार इस शक्ति को और व्यापक रूप देगा। जब तक हम यह लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुआ अत्याचार**-मोहन भागवत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ। इस अत्याचार के खिलाफ जो आक्रोश सामने आया वह पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि अब बांग्लादेश के हिंदू कह रहे हैं- हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।

**जाति और पंथ के विभाजन से ऊपर उठने की आवश्यकता**-हिंदुओं को एकता पर जोर देते हुए मोहन भागवत ने कहा कि सनातन धर्म के सच्चे सार को संरक्षित करने के लिए लोगों को जाति और पंथ के विभाजन से ऊपर उठने की आवश्यकता है।

**आरएसएस चीफ हिंदू एकता पर दे रहे जोर**-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने हाल के महीनों में हिंदू एकता पर जोर देते हुए कई बयान दिए हैं। उन्होंने हिंदू समाज को जाति, भाषा और क्षेत्रीय मतभेदों को मिटाकर एकजुट होने का आह्वान किया है। भागवत ने कहा है कि हिंदू समाज की एकता भारत की वैश्विक जिम्मेदारी को पूरा करने और विश्व में शांति के दूत के रूप में स्थापित होने के लिए आवश्यक है।

## श्री नवग्रह शनि जन्मोत्सव कल

**मनासा, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम अल्हेड में दिनांक 27 मई 2025 मंगलवार को मनासा रोड पर हनुमान जी के मंदिर के पास स्थित नवग्रह शनि मंदिर पर प्रात: 8:00 बजे सेअभिषेक,हवन किया जाएगा। शाम 6:00 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 8:00 बजे से श्री शनि देव की कथा पं.श्री भेरुलाल जी दांगी के मुखारविंद से वाचन की जाएगी। समस्त कार्यक्रम सभी ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी सुरेश नागदा के द्वारा दी गई।इस कार्यक्रम में आप अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## ❊ शवयात्रा ❊

अत्यंत दु:ख के साथ सुचित किया जाता है की गोपाल जी, राजेंद्र



जी के बड़े भाई साहब व अशोक, विजय, कृष्णा, ओम प्रकाश के काका जी एव जितेन्द्र, पंकज, हेमंत, गोविंद, रवि के बड़े पापा व लक्की, पीयूष, केशव, दक्ष, वंश के दादाजी व सतीश, संजय (कालू) के पिताजी सत्यनारायण जी सोनी का देहांत आज 25/05/2025 रविवार को शाम मै हो गया है इनकी अंतिम यात्रा मोदी गली जीवागंज जनकुपुरा 26/05/2025 को सुबह 9 बजे शव वाहन द्वार मुक्तिधाम जाएगी।

**❊❊❊ शोकाकुल ❊❊❊**
**संजय सोनी (कालू)**

## ❊ उठावना ❊

मेरी धर्मपत्नी व वीरेन्द्रसिंह परिहार एएसआई, जसवंतसिंह परिहार एएसआई (जस्सू बाबा) व पुष्पेंद्रसिंह परिहार की माताजी, मयंकसिंह (मोंटी), विक्की सिंह, प्रियंक (हनी) व



कृष्णकांत सिंह की दादीजी एवं विभूति व अदिति भदौरिया की नानीजी श्रीमति कमलाबाई परिहार का आकस्मिक निधन दिनांक 24 मई 2025, शनिवार को हो गया है। पुष्पांजलि कार्यक्रम (उठावना) दिनांक 26 मई 2025, सोमवार को प्रात: 11 बजे संत कवरराम सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड, मंदसौर पर रखा हैं।

**❊❊❊ शोकाकुल ❊❊❊**
**जाहरसिंह परिहार (रिटायर्ड एएसआई पुलिस विभाग) एवं समस्त परिहार परिवार मन्दसौर**

## श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर तेलाभिषेक एवं महाआरती आयोजन कल

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस। शनि जयंती 27 मई मंगलवार को नाकोड़ा नगर स्थित श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। अल सुबह से मन्दिर दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा, जो देर रात खुला रहेगा। रात्री 7.30 बजे तेलाभिषेक किया जाएगा। ततपश्चात 9 बजे महा आरती का होगा आयोजन।**



इस आशय की जानकारी देते हुए श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर समिति के भक्तगण सर्व श्री नंदकिशोर अग्रवाल, अनिल चोरड़िया, मदन कुमावत, नरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप डोसी, सुभाष खंडेलवाल ,पीयूष परवाल ने बताया कि मंदसौर नगर के नाकोड़ा नगर क्षेत्र में स्थित श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में भगवान बालाजी, शिव परिवार, माताजी की प्रतिमा एवं भगवान शनि देव की प्रतिमा विराजित है। भगवान शनि देव की यह प्रतिमा महाराष्ट्र के शनि सिंगणापुर स्थित शनि भगवान की हूबहू प्रतिकृति है। इसलिए भक्तगण शनि शिंगणापुर के दर्शन करने हेतु शनि जयंती 27 मई को श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर मैं सपरिवार आकर पूजा अर्चना ओर तेलाभिषेक करें। मन्दिर समिति के श्री नन्दकिशोर अग्रवाल एवं नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि दशपुर मंडी व्यापारी संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर क्षेत्र के निवासी श्री जितेंद्र अग्रवाल जीतू एवं श्री कन्हैयालाल कुमावत के विजयी होने पर शनि जयंती पर रात्रि 9 बजे आरती के पश्चात दोनो का स्वागत कर सम्मान किया जाएगा।

## शनि जयंती पर खानपुरा स्थित शनि मंदिर पर होगा तेल पूजन एवं सहस्त्रार्चन आरती का आयोजन

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** खानपुरा स्थित चमत्कारी एवं अति प्राचीन मंदिर शनि मंदिर पर दिनांक 27 मई, मंगलवार को शनि जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए शनि मंदिर समिति अध्यक्ष पं. अरूण शर्मा ने बताया कि इस बार शनि जयंति मंगलवार को होने से इसका महत्व अधिक बढ़ जाता है। नवगृह में दो प्रभावशाली गृह मंगल एवं शनि का संयुक्त समावेश एक ही दिन है। शनि जयंति पर प्रात: 9 बजे पं. प्रवीण पुरोहित द्वारा शनि प्रतिमा पर तेल पूजन एवं सहस्त्रार्चन आरती की जाएगी। तत्पश्चात् प्रसादी वितरण होगा। सायं 7 बजे विशेष आरती का आयोजन होगा। पं. शर्मा ने बताया कि दिन भर शनि भक्तों के दर्शन एवं तेलाभिषेक के लिये समिति द्वारा व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रसाद वितरण भी होगा। श्री शर्मा ने बताया कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर को नवश्रृंगारित किया गया है। मंदिर में भव्य हॉल निर्मित किया गया है तथा आने वाले समय में नवगृह मंदिर की स्थापना भी की जा रही है। सभी श्रद्धालुजन मंदिर दर्शनार्थ अवश्य पधारे। समिति के मुकेश सोनी, रमेश ब्रिजवानी, नितेश पालीवाल, अमर वर्मा, प्रफुल्ल जैन, भीमसेन सौलंकी, दीपक मालवीय, अविनाश पालीवाल आदि ने सभी शनि भक्तों से निवेदन किया है कि शनि मंदिर पर पधारकर धर्मलाभ ले।



## आईटीआई में प्रवेश हेतु 31 तक करें आवेदन

**मंदसौर, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आईटीआई प्राचार्य श्री मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि शासकीय आईटीआई नयाखेड़ा मंदसौर, गरोठ, शामगढ़, मल्हारगढ़, भानपुराएवं सीतामऊमें इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मोटर मेकेनिक, वेल्डर,कोपा,ड्राफ्टसमैन सिविल,हिंदी स्टेनो,सोलर टेक्नीशियन ट्रेड में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 1 मई 25 से प्रारंभ हो चुके है। आवेदन हेतु https://mpiticounseling.co.in/ पर विजिट करे। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई नयाखेड़ा मंदसौर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता 10 वी है।



## देवी अहिल्या बाई की जन्मशताब्दी पर विद्यार्थियों का किया सम्मान

**नगरी, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में लोकमाता पुण्य श्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर के 300 वी की जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी आयोजन हुओं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजू चावला, दलोदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा, नगरी नप अध्यक्ष श्रीमती संगीता बग्गड़ , पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित सेन, पूर्व नप अध्यक्ष श्रीमती गीताबाई वाक्तरिया, भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर अटोलिया , नप सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड़, सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहीं संगोष्ठी के पश्चात आठवीं, दसवीं एवं बाहरवीं वीं बोर्ड कक्षा में प्रथम आने वाली छात्राओं को माता अहिल्याबाई की तस्वीर भेंट कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल बग्गड़ ने एवं आभार पार्षद अंजू बग्गड़ ने मानों उक्त जानकारी भाजपा दलौदा मंडल मीडिया प्रभारी दुर्गालाल कसानिया दी।

## हत्या के मामले में पुलिस अभिरक्षा... पेज 1 से जारी

को पेशी के बाद में पावागढ़ माताजी मंदिर पर दर्शन कर ले गई थी। जहां से आरोपी पुलिस बल को चकमा देकर फरार हो गया था। उसके बाद से वह फरार ही है। एसडीओपी मल्हारगढ़नरेन्द्र सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी पिपलियामंडी विक्रमसिंह इवने ने फरार आरोपी दशरथ जाट की वंशावली निर्मित की। जिसके आधार पर परिवार एवं रिश्तेदारो की सम्पत्ति की जानकारी एकत्रित कर प्रकरण तैयार कर सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए न्यायालय मुंबई प्रस्तुत किए। सफेमा न्यायालय मुंबई ने प्रकरण में युक्तियुक्त सुनवाई कर अंतिम आदेश जारी किया। जिसमें फरार आरोपी दशरथ जाट, उसके परिवारजन एवं रिश्तेदारों की अवैध रूप से अर्जित भूमि, मकान एवं वाहन, कुल सम्पत्ति 18 करोड़ 90 लाख 87 हजार 595 रूपये का फ्रीजिंग आदेश जारी किया गया।

# वीर जवानों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**जावरा, 25 मई गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों पहलगाम में हुए आतंकियों की कायराना हरकत से बेगुनाहों की हत्या करने वाले उन आतंकियों और उनके आकाओं को भारतीय सेना द्वारा जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा दुश्मनों को मुंहतोड जबाब देने वाले हमारे वीर जवानों के सम्मान में विशाल तिरंगा वाहन यात्रा का मण्डल स्तरीय भव्य आयोजन जावरा नगर में गीता भवन से प्रारम्भ होकर गोवर्धन चोराहा, शुक्रवारीया, पिपली बाजार, जवाहर पथ, चुडि बाजार, बजाज खाना, घंटाघर चोराहा, कोठी बाजार, निमचोक, पिंजारवाडी, आजाद चौक, खारीवाल मोहल्ला होते हुए घंटाघर चोराहा पर समापन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया की भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के आव्हान पर भा ज पा नगर मंडल द्वारा तिरंगा वाहन यात्रा जिसमे देश का गोरव बढ़ाने वाले आपरेशन सिंदुर में भारत के वीर जवानों की शौर्य की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली गई है। इसी क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र के जावरा नगर मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में जन जन ने सहभागिता की।



तिरंगा भारत के आन, बान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, लाखों सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं देश की तीनों सेना के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए तिरंगा यात्रा के अन्तर्गत आयोजित विशाल वाहन तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन का समापन घंटाघर चोराहा पर हुआ। इस अवसर पर भा ज पा नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री मनीष उटवॉल, जिला उपाध्यक्ष महेश सोनी,सुरेश चोरडीया, विरेंद्र सिंह चौहान, पंकज काटेंड, अजय सकलेचा, प्रांजल पांडेय, मुकेश प्रजापत, अनिल दसेड़ा, शिखर धारीवाल, प्रहलाद सिंह हाडा, अतुल मेहता, अभय कोठारी, नंदकिशोर महावार, डॉ दिलीप शाकल्य, प्रदीप चौधरी, घनश्याम सोलंकी, गुरु संदीप रांका सत्यनारायण पांचाल, गणेश धाकड़, अकरम कबाड़ी, आसिफ मिर्जा,अनिल त्रिवेदी, पार्षद रजत सोनी, पार्षद शिवेन्द्र माथुर, चन्द्रप्रकाश सोलंकी, मोतीलाल यादव, वीरन्द्र सिसोदिया, नीलेश राठौड, यश सकलेचा, प्रकाश बालचंदानी, शिवम सोलंकी, विमल सिसोदिया, नारायण पोरवाल, शुभम पोरवाल, गौतम धारीवाल, अनिमेष तातेड, विनोद चोरसिया, प्रकाश मांदलिया, जगदीश उपमन्यु, मुन्ना पेंटर, रमेश मनोहरा, प्रशांत परिहार, रजनीश परमार, रवि गुलिया, पिंटू सोलंकी, अजय धाकड़, शकील खान, इमरान चाचा, सोम्य टुकडिया, इरफान कुरेशी, रइस कुरेशी, साबीर कुरेशी, शेर मोहम्मद, रमीज अख्तर, जफर भाई, आफाक एमहद, नुर हुसैन पुर्व पार्षद, के साथ महिला नैत्रीगण, श्रीमती निर्मला हाड़ा, पूनम पटवा, संतोष शर्मा, किरण सोनी, प्रमिला धारीवाल, शुक्ला मेडम, पदमा शर्मा आदि के साथ

भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल जावरा में निवासरत भाजपा के समस्त श्रेष्ठ एवं ज्येष्ठ कार्यकर्तागण,समस्त वर्तमान/पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,समस्त वर्तमान/पूर्व जिला पदाधिकारीगण,मंडल कार्यकारिणी के समस्त वर्तमान /पूर्व पदाधिकारीगण,समस्त वर्तमान/पूर्व जनप्रतिनिधिगण समस्त मोर्चा /प्रकोष्ठ पदाधिकारीगण शक्ति केंद्र के पंचपरमेश्वर,समस्त बूथ की टोली एवं समस्त सम्माननीय कार्यकर्तागण वरिष्ठ नेतागण एवं बड़ी संख्या में देशभक्त उपस्थित रहें। अंत मै आभार भा ज पा नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने व्यक्त किये उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी संदीप रांका द्वारा दी गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in